सं-12016/05/2025-रा.भा.(क-2)-पार्ट
**राजभाषा विभाग**
**(गृह मंत्रालय)**

चतुर्थ तल, एनडीसीसी II भवन,
जयसिंह रोड, नई दिल्ली
दिनांक: 18 जून, 2025

**कार्यालय ज्ञापन**

**विषय:** राजभाषा विभाग स्वर्ण जयंती समारोह के अवसर पर **(राजभाषा विभाग के पोर्टल पर पंजीकृत प्रतिभागियों के लिए)** प्रवेश निमंत्रण पत्र और सम्मेलन किट का वितरण।

जैसा कि विदित ही है, राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय के स्वर्णिम 50 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में "राजभाषा विभाग स्वर्ण जयंती" समारोह का आयोजन नई दिल्ली के भारत मंडपम् में माननीय केंद्रीय गृह मंत्री जी की अध्यक्षता में दिनांक 26 जून, 2025 को किया जा रहा है। इस उपलक्ष्य में **राजभाषा विभाग के पोर्टल पर पंजीकृत प्रतिभागियों** को प्रवेश निमंत्रण पत्र एवं सम्मेलन किट का वितरण दिनांक 24 एवं 25 जून, 2025 को **YMCA भवन, टूरिस्ट हॉस्टल (गेट नं.1) प्रथम तल पर Heinz Auditorium, जयसिंह रोड, नई दिल्ली (निकट राजभाषा विभाग, एनडीसीसी 2 भवन)** में निम्नलिखित कार्यक्रम के अनुसार किया जाएगा-

| | |
|---|---|
| 24 जून, 2025 | प्रात: 10.00 बजे से सायं 6 बजे तक |
| 25 जून, 2025 | प्रात: 10.00 बजे से रात्रि 08.00 बजे तक |

1. कृपया सुनिश्चित करें कि निमंत्रण पत्र और सम्मेलन किट हर हाल में 24 एवं 25 जून, 2025 तक प्राप्त कर लिए जाएं। इसके लिए प्रतिभागी स्वयं उत्तरदायी होंगे। सुरक्षा एवं अन्य कारणों से 26 जून, 2025 को कोई निमंत्रण पत्र एवं सम्मेलन किट प्रदान नहीं किए जाएंगे।
2. जिन अधिकारियों/कर्मचारियों का 25 जून देर शाम या रात्रि तक अथवा 26 जून, 2025 की सुबह दिल्ली पहुँचने का कार्यक्रम है, वे कृपया विशेष रूप से सुनिश्चित करें कि वे अपना निमंत्रण पत्र हर हाल में ऊपर उल्लिखित विवरण के अनुसार 24 या 25 जून, 2025 को दिल्ली स्थित अपने किसी कार्यालय/प्रतिनिधि को **संलग्न प्राधिकार प्रपत्र** में अधिकृत करते हुए उनके माध्यम से प्राप्त करवा लें।
3. पंजीकरण पोर्टल पर पंजीकरण कराते समय आपको **पंजीकरण संख्या** प्रदान की गई है। निमंत्रण पत्र प्राप्त करने के लिए **कृपया इस पंजीकरण संख्या का प्रिंट आउट अपने सरकारी आई कार्ड के साथ लाएं।**

4. किसी अन्य अधिकारी का निमंत्रण पत्र प्राप्त करने के लिए नीचे दिए गए प्राधिकार पत्र के विधिवत भरकर उसका प्रिंट आउट साथ लेकर आएं।

5. कृपया ध्यान दें कि यह आयोजन केवल केंद्र सरकार के मंत्रालयों/विभागों/सम्बद्ध एवं अधीनस्थ कार्यालयों/उपक्रमों/बैंकों/निगमों/बोर्डों/शैक्षिक संस्थानों आदि में कार्यरत/सेवारत अधिकारियों/कर्मचारियों के लिए है। किसी भी अन्य व्यक्ति अथवा संस्थान को निमंत्रण पत्र प्रदान नहीं किए जाएंगे।

6. किसी भी जानकारी/अपडेट के लिए कृपया विभाग की वेबसाइट- **rajbhasha.gov.in** को निरंतर देखते रहें, फोन न करें।

**विशेष:**

**दिल्ली-एनसीआर स्थित मंत्रालयों/विभागों/सम्बद्ध/अधीनस्थ कार्यालयों/बैंकों/उपक्रमों आदि के सभी पंजीकृत अधिकारी/कर्मचारी किसी भी असुविधा से बचने के लिए, कृपया अपने निमंत्रण पत्र एवं सम्मेलन किट हर हाल में 24 जून, 2025 को ही प्राप्त कर लें।**

राजेश कुमार श्रीवास्तव
18/06/25

**(राजेश कु. श्रीवास्तव)**
संयुक्त निदेशक (नीति/रा.भा.)

**सेवा में,**

सभी मंत्रालयों/विभागों/सम्बद्ध एवं अधीनस्थ कार्यालयों/ बैंकों/ उपक्रमों/ निगमों/ बोर्डों/ शैक्षिक संस्थानों आदि के पंजीकृत अधिकारी/कर्मचारी।

**प्राधिकार पत्र**

(यदि आप अपना निमंत्रण पत्र स्वयं लेने नहीं आ रहे है तो कृपया इस प्राधिकार पत्र को भरें)

कृपया मेरा निमंत्रण पत्र एवं सम्मेलन किट मेरे स्थान पर –

श्री/सुश्री/श्रीमती -----------------------------------------------------

पदनाम -------------------------------------------------------------

मोबाइल नं.---------------------------------------------------------

कार्यालय का नाम ---------------------------------------------------

को दे दें।

**पंजीकृत प्रतिभागी का नाम-**

**पंजीकृत प्रतिभागी के हस्ताक्षर-**

पंजीकरण संख्या-

संबंधित अधिकारी की मोहर(पदनाम सहित) :

यदि आपके पास कार्यालयी मोहर नहीं हैं तो अपने पहचान पत्र की छाया प्रति संलग्न करें|